Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 04 फरवरी, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-04-february-2021

'हर घर पानी, हर घर सफाई'

हाल ही में पंजाब के मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 में मार्च माह तक सभी ग्रामीण घरों में 100 प्रतिशत पाइप से पेयजल की आपूर्ति के लक्ष्य को पूरा करने के लिये 'हर घर पानी, हर घर सफाई' मिशन की शुरुआत की है। सुरक्षित पेयजल को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में घोषित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक जलापूर्ति और स्वच्छता योजनाओं पर प्रतिवर्ष औसतन 920 करोड़ रुपए खर्च किये हैं। मार्च 2017 से अब तक ग्रामीण स्वच्छता और ग्रामीण पेयजल आपूर्ति पर 1450 करोड़ रुपए खर्च किये गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मोगा ज़िले के 85 गाँवों को कवर करते हुए 172 गाँवों, 121 आर्सेनिक और आयरन रिमूवल प्लांटों के लिये 144 नई जलापूर्ति योजनाओं वाली एक 'मेगा सर्फेस वाटर सप्लाई योजना' का भी उद्घाटन किया है। इस योजना से अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर ज़िलों के 155 गाँवों के 1.6 लाख से अधिक निवासियों को पीने के पानी के लिये भू-जल की आपूर्ति में मदद मिलेगी, इसके अलावा आर्सेनिक की समस्या का भी समाधान हो सकेगा। इस योजना का वित्तपोषण विश्व बैंक, केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन, नाबार्ड और राज्य सरकार के बजट द्वारा किया जा रहा है।

जेफ बेज़ोस

अमेज़न के संस्थापक जेफ बेज़ोस ने घोषणा की है कि वे इस वर्ष के अंत तक ऑनलाइन रिटेलर कंपनी 'अमेज़न' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पद छोड़ देंगे, ज्ञात हो कि वे बीते 27 वर्षों से कंपनी में बतौर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) कार्य कर रहे हैं। जेफ बेज़ोस अब अमेज़न के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे और कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारक भी बने रहेंगे। जेफ बेज़ोस के बाद अमेज़न के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पद ऐंडी जेसी संभालेंगे, जो अमेज़न के क्लाउड कंप्यूटिंग डिविज़न के प्रमुख हैं वे कंपनी के साथ तब से जुड़े हुए हैं जब कंपनी अस्तित्व में आई थी। अमेज़न, विश्व का सबसे बड़ा ऑनलाइन रिटेलर और एक प्रमुख क्लाउड सेवा प्रदाता है। कंपनी मूल रूप से एक पुस्तक विक्रेता के रूप में शुरू हुई थी, किंतु उपभोक्ता वस्तुओं और डिजिटल मीडिया के साथ-साथ अपने स्वयं के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, जैसे कि किंडल ई-बुक रीडर, किंडल फायर टैबलेट और फायर टीवी, स्ट्रीमिंग मीडिया एडॉप्टर जैसे क्षेत्रों में लगातार विस्तार कर रही है और कंपनी की इस प्रगति में जेफ बेज़ोस ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र

2 फरवरी, 2021 को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिये चेन्नई में 'आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र' (CWCM) नाम से भारत का पहला समर्पित केंद्र स्थापित किया गया है। यह विशिष्ट संस्थान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) के तहत नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट (NCSCM) का हिस्सा है। यह समर्पित केंद्र (CWCM) आर्द्रभूमि के विषय में विशिष्ट अनुसंधान आवश्यकताओं और इससे संबंधित ज्ञान एवं सूचनाओं की कमी आदि समस्याओं को संबोधित करेगा और आर्द्रभूमि के संरक्षण तथा प्रबंधन के लिये एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने में सहायता करेगा। आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र, देश में आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिये नीति व नियामक ढाँचे, प्रबंधन योजना तथा लक्षित अनुसंधान को डिज़ाइन तथा कार्यान्वित करने में राष्ट्रीय एवं राज्य सरकारों की सहायता करेगा। यह आर्द्रभूमि शोधकर्त्ताओं, नीति निर्माताओं, प्रबंधकों और उपयोगकर्त्ताओं के लिये एक 'नॉलेज हब' के रूप में कार्य करेगी। दरअसल, आर्द्रभूमि वे क्षेत्र हैं जहाँ भरपूर नमी पाई जाती है और इसके कई लाभ भी हैं। आर्द्रभूमि जल को प्रदूषण से मुक्त बनाती है। आर्द्रभूमि वह क्षेत्र है जो वर्ष भर आंशिक रूप से या पूर्णतः जल से भरा रहता है। देश में ऐसे 42 स्थान हैं, जिन्हें 'वेटलैंड्स ऑफ इंटरनेशनल इंपोर्टेंस' या रामसर साइटों के रूप में नामित किया गया है।

अशोक डिंडा

भारतीय तेज़ गेंदबाज़ अशोक डिंडा ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। 25 मार्च, 1984 को कलकत्ता में जन्मे अशोक डिंडा ने वर्ष 2009 में भारत की ओर से खेलते हुए श्रीलंका के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय T20 क्रिकेट से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। जून 2010 में उन्हें ज़िम्बाब्वे के विरुद्ध एकदिवसीय मैच के लिये राष्ट्रीय टीम में चुना गया, जिसके बाद वर्ष 2010 में उन्हें एशिया कप के लिये भी चुना गया। अशोक डिंडा ने अपने संपूर्ण कॅरियर में कुल 116 प्रथम श्रेणी मैच खेले और इस दौरान उन्होंने कुल 420 विकेट लिये। इसके अलावा डिंडा ने भारत के लिये 13 एकदिवसीय और 9 T20 मैच भी खेले, जिनमें उन्होंने क्रमशः 12 और 17 विकेट प्राप्त किये।